दिनांक 02.03.2024 स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

पी.एम.आवास के आवेदन पत्र विक्रय एवं जमा करने की तिथि बढ़ी

भिलाईनगर। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मोर मकान-मोर आस घटक अंतर्गत किरायेदारी में निवासरत परिवारो के लिए तृतीय चरण में सूर्या विहार के पीछे वार्ड क्रं. 01 खम्हरिया में कृष्णा इंजीनियरिंग कॉलेज के पीछे , एनार स्टेट एवं माईल स्टोन स्कूल के पीछे में निर्मित आवास आबंटन के लिए उपलब्ध है।

जिसके आबंटन के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र 29 फरवरी तक जमा करना निर्धारित किया गया था। उस तिथि में वृद्धि करते हुए 5 मार्च तक आवेदन पत्र विक्रय करने एवं 7 मार्च तक आवेदन पत्र जमा किया जायेगा।

भिलाई निगम के विभिन्न स्थलो में निर्माणधीन प्रधानमंत्री आवास योजना के मकानो के आबंटन के लिए निगम मुख्य कार्यालय के कक्ष क्रमांक- 16 योजना शाखा के काउन्टर में कार्यालयीन दिवस में प्रतिदिन शाम 4 बजे तक नागरिक अपने आधार कार्ड की छायाप्रति प्रति के साथ 100 रूपये का नगद भुगतान कर आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते है और आवेदन जमा भी कर सकते है।